# बीएचईएल ने लगातार 20वें वर्ष ईईपीसी का निर्यात पुरस्कार प्राप्त किया

भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) ने अपने असाधारण निर्यात निष्पादन हेतु लगातार 20वें वर्ष इंजीनियरिंग एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल (EEPC) का सर्वोच्च निर्यात अवार्ड पुरस्कार प्राप्त किया है । बीएचईएल को दिये जाने वाला यह "स्टार परफार्मर इन 2008-09 प्रोजेक्ट एक्सपोर्ट - लार्ज एन्टरप्राइसिस" पुरस्कार केन्दीय वाणिज्यिक और उद्योग मंत्री, श्री आन्नद शर्मा ने प्रदान किया ।

घरेलू मार्किट में अपनी सुदृढ़ स्थिति को बनाये रखते हुए बीएचईएल - अंतर्राष्ट्रीय बाजारों मे भी अपनी उपस्थिति बढाकर विश्व स्तर पर अग्रणी बनने के प्रयास कर रही है । इसने विदेशी व्यापार को अपनी प्रमुख गतिविधियो मे शामिल किया है और बीएचईएल की वैश्वीकरण रणनीति पहले ही प्रचुर मात्रा मे लाभांश प्रदान कर रही है ।

वित्तीय वर्ष 2009 -10 में विश्व्यापी मन्दी के बावजूद बीएचईएल ने लगभग 3600 करोड़ रूपये के वास्तविक निर्यात ऑर्डर प्राप्त किये । कम्पनी ने मौजूदा बाजारों और क्षेत्रों मे अपनी उपस्थिति को मजबूती से स्थापित करते हुए सफलतापूर्वक नये बाजारों और नये उत्पाद क्षेत्रों में प्रवेश किया है ।

इस परियोजना निर्यात की कडी मे नई मार्किट बेलारूस में प्रवेश और कांगो लोकतात्रिक गणराज्य में नये उत्पादों का प्रवेश, भूटान में अब तक के सबसे बडा हाइड्रो प्रोजेक्ट, भूटान में 1200 मेगावाट पुनतसंघचू हाइड्रोइलेक्ट्रिक प्रोजेकट और पब्लिक पावर कॉर्पोरेशन, रोम से ट्रांसमिशन इक्विपमेंट के लिये लगातार 21वां ऑर्डर कंपनी की बेजोड उपलब्धियां है ।

वर्ष के दौरान कुल निर्यात (वास्तविक एवं मान लिये गये सहित) अब तक का सर्वाधिक 14,436 करोड रूपये रहा जो वर्ष के दौरान कंपनी के कुल कारोबार का 40% से अधिक था । वर्ष के दौरान अब तक की सर्वाधिक 734 मेगावाट के चार पावर प्लांटों को कमीशन करना एक महत्वपूर्ण उपलब्धि रही । ये पावर परियोजनायें बांग्लादेश, ईराक, संयुक्त अरब अमीरात एवं इंडोनेशिया में और सब-स्टेशन अफगानिस्तान, इथियोपिया और बांग्लादेश में चालू की गई ।

बीएचईएल को 1,00,000 मोगवाट से अधिक के पावर प्लांट उपस्करो की आपूर्ति और स्थापना का प्रचुर एवं परिवर्ती अनुभव है और इसने विश्व के सभी 6 महाद्वीपो के 70 देशों मे अपनी उपस्थिति दर्ज कर ली है । अभी तक विदेशी बाजारों से कंपनी को कुल 12,500 मेगावाट के प्रोजेक्ट प्राप्त हुए है । बीएचईएल इस समय 23 देशों में 45 अनुबन्धों को निष्पादित कर रही है जिनमें बांग्लादेश, भूटान, लीबिया, सीरिया और सूडान के प्रमुख टर्न-की ऑर्डर शामिल हैं

बीएचईएल की तकनीकी सक्षमताओं की पूरे विश्व में सराहना हुई है और कम्पनी ने एक विश्वव्यापी प्रतिभागी बनने हेतु नियोजित अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में महत्वपूर्ण प्रयास करने शुरू कर दिये हैं, जिसमें मौजूदा मार्किट में समेकन द्वारा अपने वर्तमान उत्पादों और सेवाओं का विस्तार करना, अपने निर्यात आधार को फैला कर और नये बाजारों में प्रवेश करना शामिल है । विदेशी मार्किट में भविष्य वृद्धि हेतु नीतिगत व्यापार पहले, जिसमें विश्वव्यापी मार्किट यूटिलिटि और आईपीपी दोनों खंड़ों में बीएचईएल को आईपीसी कान्ट्रेक्टर के रूप में स्थिति सुदृढ़ करना और विदेशी संयुक्त उद्यमों एवं मार्केटिंग कार्यालयों की स्थापना कर विभिन्न अवसरों का लाभ उठाना है ।